**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**05.04.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5450 का उत्तर**

## यात्री सुविधाएं

**5450. श्री राजन बाबूराव विचारे:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क)** क्या पश्चिमी रेलवे ने मुम्बई नगरपालिका प्रशासन से मीरा रोड और भयंदर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों हेतु सुविधाएं स्थापित करने के लिए भूमि प्रदान करने को कहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ख)** क्या भयंदर रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर स्थान की कमी के कारण यात्रियों को स्टेशन से बाहर निकलने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(ग)** क्या भयंदर रेलवे स्टेशन के पश्चिम में बालाजी नगर की ओर जाने वाले पैदल पुल के नीचे कोई अवैध कारोबार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

s.k

**यात्री सुविधाओं के संबंध में 05.04.2023 को लोक सभा में श्री राजन बाबूराव विचारे के अतारांकित प्रश्न सं. 5450 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क): जी, हां। मीरा रोड और भायंदर रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों की पार्किंग समस्या को कम करने के लिए, मीरा भायंदर नगर निगम (एमबीएमसी) से अनुरोध किया गया है कि एमबीएमसी क्षेत्राधिकार के तहत स्टेशन क्षेत्र से सटी उपयुक्त भूमि को विकसित किया जाए ताकि यात्रियों को पार्किंग सुविधा दी जा सके।**

**(ख): भायंदर रेलवे स्टेशन पर 05 पैदल पार पूल हैं। रेलवे के पास भूमि सीमित है और पश्चिम की ओर यात्रियों की निकासी के लिए लगभग 3 मीटर चौड़ी लेन है। बहरहाल, रेलवे लेन से मुख्य सड़क पर जाने के लिए तीन निकास बिन्दु हैं। इस प्रकार, यात्रियों के लिए कोई कठिनाई नहीं है।**

**(ग): भायंदर रेलवे स्टेशन के पश्चिम में बालाजी नगर की ओर जाने वाले रेलवे परिसर में पैदल पार पुल के नीचे कोई अवैध कारोबार नहीं किया जा रहा है।**

**********

s.k